अति आवश्यक/तिथिबद्व

स्मरण पत्र–II

प्रेषक

महानिदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा
पंचकूला।

सेवा में

राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

यादि क्रमांक 03/08–2023 Sch(1)
दिनांक, पंचकूला 13/3/2024

विषयः– **वर्ष 2023–24 के लिए मासिक स्कीमों के अन्तर्गत विद्यार्थियों की उपस्थिति के आधार पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि से संबंधित द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ तिमाही के लिए विद्यार्थियों का डाटा One School App Portal पर अपडेट करने बारे।**

****

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के पत्र क्रमांक 03/08–2023 छात्रवृति (1), दिनांक 08.02.2024 व 05–03–2024 के सन्दर्भ में।

विष्यांकित मामले में सन्दर्भित पत्रों के तहत कक्षा 1 से 8वीं तक की त्रैमासिक स्कीमों के अर्न्तगत द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ तिमाही के लिए विद्यार्थियों का पूर्ण डाटा अपडेट करने बारे लिखा गया था परन्तु आप द्वारा अभी भी पूर्ण डाटा अपलोड नहीं किया गया है।

अतः आपको पुनः लिखा जाता है कि आप अपने अधीनस्थ सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों/विद्यालयों के मुखिया को आदेश देवें कि वह त्रैमासिक स्कीमों के अर्न्तगत विद्यार्थियों का पूर्ण डाटा स्कीमानुसार उपस्थिति के आधार पर **One School App** Portal के लिंक पर **दिनांक 19–03–2024 तक हर अवस्था** में अपडेट करना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृति/प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह जाता है तो इसके लिए स्कूल मुखिया/जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी स्वंय जिम्मेवार होंगें।

कृप्या इसे उच्च प्राथमिकता देने का कष्ट करें।

Sd/-
अधीक्षक, छात्रवृति
कृतेः महानिदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा, पंचकूला।

पृष्ठांकन– क्रमांक–सम **दिनांक, पंचकुला**

इसकी एक प्रति उप–निदेशक, आई0टी0 सैल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

Sd/-
अधीक्षक, छात्रवृति
कृतेः महानिदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा, पंचकुला।

D:\@Work 2023-24\Hindi letters 2023-24.docx